दिनांक : 25 .05.2025

समय : 07.10AM

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर एक राज्य में वैश्विक मानकों के अनुरूप एक पर्यटन स्थल विकसित करने पर जौर दिया।
- प्रधानमंत्री मोदी आज मन की बात कार्यक्रम मे अपने विचार सांझा करेंगे।
- शिक्षा मंत्रालय शैक्षणिक संस्थानों को तम्बाकू मुक्त बनाने के लिए 31 मई से शुरू करेगा अभियान।
- प्रदेश मे 49 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश की सम्भावना।

मोदी जी-नीति आयोग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल नई दिल्ली में नीति आयोग की दसवीं शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता की। 'विकसित राज्य फॉर विकसित भारत/2047' थीम पर हुई बैठक में प्रदेष के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हुए। श्री मोदी ने कहा कि वे वैश्विक मानकों के अनुरूप तथा सभी सुविधाएं और बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराते हुए प्रत्येक राज्य में कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में तेजी से शहरीकरण हो रहा है।यदि केंद्र और सभी राज्य एक साथ आएं और टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करें तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत हर भारतीय का लक्ष्य है, जब हर राज्य विकसित होगा, तो भारत विकसित होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने सभी से कार्यबल में महिलाओं को शामिल करने की दिशा में काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कानून और नीतियां बनाई जानी चाहिए ताकि महिलाओं को कार्यबल में सम्मानपूर्वक शामिल किया जा सके।

संकल्पित मध्यप्रदेश

शासी परिषद की बैठक में शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ''विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत'' के निर्माण के विजन से मध्यप्रदेष प्रेरित है। इसके लिए प्रदेश को देश के अग्रणी राज्यों की प्रथम पंक्ति में स्थापित करने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के दूरदर्शी नेतृत्व में सभी राज्य 'टीम इंडिया' की भावना के साथ कार्य कर रहे

हैं। आज मध्यप्रदेश विकास और लोक कल्याण के संकल्प पथ पर अग्रसर है और निरंतर नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 122वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआइआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार और प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी यह सीधा प्रसारित होगा। आकाशवाणी से हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद मन की बात कार्यक्रम का क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रसारण होगा।

उप राष्ट्रपति समागम

कृषि एवं उद्यानिकी क्षेत्र में नवाचार, तकनीकी उन्नयन और कृषक कल्याण को समर्पित तीन दिवसीय 'कृषि उद्योग समागम' कल से 28 मई तक नरसिंहपुर में होगा। समागम का शुभारंभ उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ करेंगे। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित मंत्रीगण, कृषि उद्यमी, निर्यातक समूह के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में किसान भाई शामिल होंगे। "कृषि उद्योग समागम 2025" का आयोजन प्रदेश में कृषि एवं उद्यानिकी पर आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने, खाद्य प्रसंस्करण में निवेश आकर्षित करने और किसानों को बेहतर बाजार से जोड़ने के लिए किया जा रहा है। राज्य सरकार युवा, महिला और किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा

प्रादेशिक समाचार एकांश भोपाल द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा कार्यक्रम में अब बारी है आपकी प्रतिक्रिया सुनने की। आईये सुनते हैं इंदौर से कमलेश सदाशिव जोशी और छतरपुर से सुशील कुमार शर्मा का यह संदेश।

कृषि संकल्प

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित कृषि संकल्प अभियान इस महीने की 29 तारीख से ओडिशा के पुरी से शुरू होगा। इस राष्ट्रव्यापी अभियान के दायरे में देश के सात सौ जिले आयेंगे और वैज्ञानिकों का एक दल गांव-गांव जाकर किसानों से सीधे संपर्क  करेंगा। नई दिल्ली में देशभर से आए कृषि वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस अभियान में सात सौ 31 कृषि विज्ञान केन्द्र, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान परिषद के एक सौ 13  संस्थान, राज्य स्तरीय विभाग तथा कृषि, बागवानी, पशु-पालन, मत्स्य पालन अधिकारियों के साथ-साथ नए प्रयोग करने के इच्छुक किसान भाग लेंगे। यह राष्ट्रव्यापी अभियान देश के लगभग डेढ़ करोड़ किसानों से सीधे जुड़ेगा।

तिरंगा यात्रा

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना के सम्मान में कल भोपाल जिले की नरेला विधानसभा के 4 मंडलों में नागरिकों ने तिरंगा यात्रा निकाली। सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग के नेतृत्व में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, युवावर्ग और महिलाएं शामिल रहीं। नागरिकों ने यात्रा का पुष्पवर्षा कर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर श्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने आतंकवाद को उसकी ही जमीन पर करारा जवाब दिया है। ऑपरेशन सिंदूर नये भारत के सामर्थ्य का प्रतीक है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बैतूल जिले के भीमपुर में डीजे व नारे के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। सैनिक नीलेश उइके का तिलक व माला पहनाकर सम्मान किया गया। ग्राम मासोद में भी सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

मौसम

मानसून तय समय से 8 दिन पहले ही कल केरल पहुंच गया। इस बीच, प्रदेष में भी आंधी-बारिश का दौर जारी हैं। मौसम विभाग ने सभी 55 में से 49 जिलों में

गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान जारी किया है। भोपाल, विदिषा, रायसेन, सहित दो दर्जन से अधिक जिलों में आंधी तूफान और बारिष को लेकर चेतावनी जारी की है। मौसम विशेषज्ञों ने बताया है कि अगर देश में चल रही मानसूनी गतिविधियां इसी तरह चलती रहीं तो राज्य में भी मानसून अपने तय समय से पहले प्रवेश कर सकता है। बारिश और आंधी तूफान के कारण अधिकतम तामपान में गिरावट देखी गई है। आज अधिकांश जिलों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के नीचे पहुंच गया। जबलपुर में कल 30 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी चली। सम्भाग के जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया गया।

## शिक्षा-तम्बाकू मुक्त अभियान

शिक्षा मंत्रालय ने शैक्षणिक संस्थानों को तम्बाकू और मादक पदार्थों से मुक्त बनाने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है। इसका उद्देश्य छात्रों और युवाओं को इन पदार्थों के हानिकारक प्रभावों से बचाना है। महीनेभर चलने वाला यह अभियान 31 तारीख को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर शुरू होगा और अगले महीने की 26 तारीख तक जारी रहेगा। मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से उल्लंघन की रिपोर्ट करने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया- एस.ओ.पी. विकसित करने का आग्रह किया है। मंत्रालय ने छात्रों और आम लोगों को तम्बाकू से होने वाले नुकसान के बारे में जागरुक करने के लिए MyGov प्लेटफॉर्म पर एक प्रश्नोत्तरी भी शुरू की।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- धार में आज होने जा रहे सिकल सेल जागरूकता कार्यक्रम “संकल्प - प्रयास से आशा: एक कदम जागरूकता की ओर” में प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल भाग लेंगे।
- यूपीएससी सिविल सर्विसेस की प्री परीक्षा भोपाल में आज शहर में 50 केंद्रों में दो सत्रों में आयोजित की जाएगी। सभी केंद्रों पर 15 हजार 944 उम्मीदवारों के सम्मिलित होने की संभावना है।
- सीहोर जिले के 65 वर्षीय अंतर्राष्ट्रीय सीनियर वेटलिफ्टर मोहन पाराशर दोहा में 27 मई से 31 मई तक होने वाली मास्टर्स वेटलिफ्टिंग एशियन चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे

- खंडवा जिले में जल गंगा संर्वघन अभियान के तहत पंधाना में छात्रों द्वारा श्रमदान किया गया।
- निवाडी जिले में संभाग आयुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान समेत अन्य विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।
- डिंडोरी जिले के बजाग ब्लॉक के पिपरिया में जनकल्याणकारी शिविर में अधिकारियों आमजनों की समस्याओं का निराकरण किया

-------